हड़ताल से सफाई व्यवस्था चरमराई

■ 4 मांगों को लेकर प्रदेशभर के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर

न्यू मार्केट और चौक बाजार में कचरे का लगा अंबार

25 हजार वेतन का आदेश दो तो हड़ताल समाप्त : झांझोट

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 4 नवंबर. नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी हड़ताल दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही. वेतन बढ़ाने, स्थायी करने और सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने सहित चार प्रमुख मांगों को लेकर प्रदेशभर के सफाईकर्मी बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं. हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही. जिससे शहर के प्रमुख बाजार न्यूमार्केट, चौक बाजार, घोड़ा नक्कास, पुराने शहर के बाजार, 10 नंबर मार्केट, बैरागढ़ सहित अन्य बाजारों में हर जगह कचरे का अंबार लगा दिखाई दिया. हालांकि निगम प्रशासन ने प्रमुख बाजारों से कचरा उठाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन कॉलोनियों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का काम ठप रहा. शहर में करीब 7 हजार कर्मचारी काम करते हैं. इनमें 2 हजार नियमित और 5 हजार विनियमित कर्मचारी शामिल हैं. जिन्हें 25 से 29 दिन के आधार पर काम मिलता है. यूनियन का दावा है कि प्रदेश के 16 नगरीय निकायों और 374 नगर परिषदों के एक लाख से अधिक सफाई कर्मचारी आंदोलन में शामिल हैं.



चौक बाजार



न्यू मार्केट

1.06 लाख सफाई कर्मचारी प्रदेशभर में आंदोलन में शामिल (यूनियन का दावा)

- अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मगन लाल झांझोट ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल लगातार जारी रहेगी. जो छोटी-छोटी तहसीलें अब तक आंदोलन से नहीं जुड़ पाई थीं, वे भी कल से इसमें शामिल हो जाएंगी.
- उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव संजय दुबे, नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे और नगर निगम कमिश्नर से चर्चा हुई है .अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को पहले जीएडी (सामान्य प्रशासन विभाग), फिर नगरीय प्रशासन विभाग और इसके बाद कैबिनेट तक पहुंचाया जाएगा.
- हालांकि, इस प्रक्रिया से कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं. उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कर्मचारियों को 25 हजार रुपये मासिक वेतन देने का आदेश जारी कर दिया जाता है, तो वे हड़ताल समाप्त करने के लिए तैयार हैं.

ये हैं चार प्रमुख मांगें

1. सभी सफाई कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए.
2. कर्मचारी की मृत्यु होने पर पति या पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए.
3. सभी सफाई कर्मचारियों को कम से कम 25 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए.
4. सभी कर्मचारियों को स्थायी किया जाए और ठेका व्यवस्था खत्म की जाए.

कर्मचारियों के वेतन में विसंगतियां

झांझोट ने बताया कि सरकार ने अस्थाई, विनियमित,25 दिवसीय, 29 दिवसीय जैसे नाम देकर सफाई कर्मचारी भर्ती कर रखे है. जिनका वेतन 10,500 रुपए है. वहीं नियमित कर्मचारियों का वेतन 40 हजार से अधिक है. जब कार्य एक जैसा कर रहे हैं तो फिर यह वेतन विसंगतियां क्यों है.

हड़ताल से सफाई व्यवस्था प्रभावित

400 आउटसोर्स कर्मचारियों ने संभाली सफाई की जिम्मेदारी

323 कचरा कलेक्शन गाड़ियां रोजाना चलती हैं

40 कचरा वाहन ही हड़ताल के दौरान संचालित हुए

17 गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों से कर्मचारियों को लगाया गया

25-29 दिन के आधार पर विनियमित कर्मचारियों को मिलता है काम

7 हजार का काम 4 सौ कर्मचारियों ने संभाला

शहर की सफाई व्यवस्था में प्रतिदिन 7 हजार कर्मचारी कार्य करते हैं .हड़ताल के कारण नगर निगम ने व्यवस्था संभालने के लिए 17 गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, गार्डन, वाटर सप्लाई विभाग, न्यू मार्केट में काम करने वाले एनजीओ, महिला स्व-सहायता समूहों के करीब 400 आउटसोर्स कर्मचारियों को काम पर लगाया. जिनसे मैजिक, बड़ी व मिनी ट्रकों की मदद से सफाई कराने का प्रयास किया गया.

323 की जगह 40 कचरा वाहन रहे संचालित

शहर में प्रतिदिन चलने वाली करीब 323 कचरा कलेक्शन गाड़ियों के संचालन पर भी हड़ताल का असर पड़ा. कॉलोनियों में डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही. इनकी जगह निगम ने त्योहारों के चलते बाजारों बढ़ती भीड़ को सफाई व्यवस्था से राहत देने 40 कचरा वाहनों को लगाया गया. जो कि अपर्याप्त रहे.

आईएएस ब्रांड है, इसलिए मार दिया...

आईएएस हत्याकांड : महिलाओं जैसे कोमल हाथ का ताना मारने पर रेता गला

02 मिनट तक तकिए से मुंह दबाकर बैठा रहा

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 4 नवंबर. पूर्व आईएएस अधिकारी राकेश अग्रवाल हत्याकांड में आरोपी वरुण कुमार के पूछताछ में दिए गए बयानों से उसकी मानसिकता और हत्या के पीछे की कुंठा सामने आई है.

हमीदिया अस्पताल में इलाज करा रहे वरुण से रातीबड़ पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है.



राकेश अग्रवाल



आरोपी वरुण

पूछताछ के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने जब उससे हत्या की वजह पूछी तो उसने बेखौफ होकर कहा, आईएएस एक ब्रांड है. उनका व्यवहार रूखा था, इसलिए मार दिया. पुलिस अधिकारियों ने जब पूछा कि गिरफ्तारी का डर था तो वारदात के बाद भागा क्यों? इस पर वरुण ने जवाब दिया, तुरंत पकड़ा जाता तो कोई मुझे जान नहीं पाता. भागता नहीं तो अपराधी कैसे कहलाता? पुलिस के अनुसार, वरुण ने पहले राकेश अग्रवाल का गला दबाया और फिर उनके मुंह पर तकिया रखकर काफी देर तक उनके ऊपर बैठा रहा. बेसुध होने के बाद सर्जिकल ब्लेड से उनका गला काट दिया. वारदात के बाद ब्लेड मौके पर फेंककर फरार हो गया. बता दें, रातीबड़ में 29-30 सितंबर की दरमियानी रात केयर टेकर वरुण ने रिटायर्ड आईएएस राकेश अग्रवाल की हत्या कर दी थी. इसके बाद वह फरार हो गया था. अभी वरुण का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है.

> पूछताछ में वरुण ने बताया कि राकेश अग्रवाल उसके हाथों को लेकर ताना मारते थे. जब वह उनके पैर दबाता था, तो वे कहते थे कि तुम्हारे हाथ महिलाओं जैसे कोमल हैं, बहुत सकून मिलता है. इस बात से उसे काफी गुस्सा आता था. उसने अग्रवाल को दो बार इस शब्द पर आपत्ति भी जताई थी, लेकिन वह हर रोज ताना मारने लगे. वरुण ने पूछताछ में कबूला कि वह पूर्व में भी बुजुर्गों के साथ मारपीट कर चुका है. उसे जल्दी गुस्सा आता है. अग्रवाल के घरेलू स्टाफ ने भी उसके गुस्सैल स्वभाव की जानकारी पुलिस को दी है.

ज्यादा खून बहने से हुई थी चारों की मौत

भोपाल. छोला थाना क्षेत्र के मालीखेड़ी में परिवार के चार सदस्यों की हत्या के मामले में बुधवार को शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आ गई. रिपोर्ट में चारों की मौत की वजह धारदार हथियार से गला रेतने के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होना बताई गई है. वहीं, परिवार के चार सदस्यों की हत्या के बाद आत्महत्या करने वाले नरेंद्र साहू की मौत की जांच सूखी सेवनिया थाना पुलिस करेगी. उसने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने आकर जान दी थी. घटनास्थल सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र में आता है. छोला मंदिर थाना प्रभारी सरस्वती तिवारी ने बताया कि मामले में नरेंद्र के भाई महेंद्र और बहन मधु के बयान दर्ज किए गए हैं.

सड़क पर कार का गेट खोलने से स्कूटी सवार शिक्षिका घायल

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 4 नवंबर. गांधीनगर इलाके में सड़क पर चलती स्कूटी के सामने अचानक कार का गेट खोलने से एक शासकीय स्कूल की शिक्षिका घायल हो गई.

शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस ने कार सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. सीमा कुशवाह निवासी लालघाटी शासकीय हाईस्कूल गांधीनगर में माध्यमिक शिक्षक हैं.

कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना 2026-27

निविदा सूचना क्र/ पी.डब्लू.डी / 2026-27/08 — बुरहानपुर दिनांक : 29-10-2026

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

क्र.	टेण्डर आई.डी.नं.	कार्य का नाम व स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में।	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी
1	2026_UAD_540948_1	वार्ड नं 29 दो भाई बीडी फेक्ट्री से भिकुकलाल चौराहा से बुधवारा चौराहा होते हुए आइडियल स्कुल से पीपल घाट तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य ।	6 माह 83.15 लाख	10,000/- 62,000/-	04-12-2026
2	2026_UAD_540950_1	गणपति थाना चौराहा से हनुमान साइजिंग तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ।	6 माह 49.18 लाख	10,000/- 37,000/-	04-12-2026
3	2026_UAD_540951_1	वार्ड नं 15 बीवी की मस्जिद से नागझिरी घाट तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य ।	4 माह 37.42 लाख	10,000/- 28,000/	04-12-2026
4	2026_UAD_540952_1	इंदिरा कॉलोनी स्थित परमानंदजी गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में 8 यात्रियों वाली लिफ्ट (G2) के निर्माण, आपूर्ति, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य ।	6 माह 26.33 लाख	5,000/- 20,000/	04-12-2026
5	2026_UAD_540953_1	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड नं 38 रास्तीपुरा में सार्वजनिक उपयोग हेतु टिन शेड निर्माण का कार्य (अटल स्मृति के पास मोहन नगर)	3 माह 16.95 लाख	5,000/- 13,000/-	04-12-2026
6	2026_UAD_540954_1	वार्ड नं 38 गुडलक ट्रेडर्स से मुकबधिर विद्यालय के पास नवीन सी.सी. रोड निर्माण कार्य ।	3 माह 13.89 लाख	5,000/- 10,500/-	04-12-2026
7	2026_UAD_540955_1	वार्ड नं 47 कुण्डी भण्डारा मार्ग से रवी सुरवाडे के मकान तक सी.सी. राडे एवं नाली निर्माण का कार्य ।	3 माह 12.75 लाख	5,000/- 10,000/-	04-12-2026
8	2026_UAD_540956_1	वार्ड नं 42 पातोंडा रोड से श्याम बाबा मंदिर के सामने से ज्योती नगर रोड तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य ।	3 माह 12.35 लाख	5,000/- 10,000/-	04-12-2026
9	2026_UAD_540957_1	शानवारा में आर. को. कॉम्प्लेक्स के पास स्टॉर्म वॉटर ड्रेन का निर्माण	3 माह 13.10 लाख	5,000/- 10,500/-	04-12-2026
10	2026_UAD_540958_1	वार्ड क्र. 07 तिलक वार्ड में दो स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । (प्राची लेडिज कलेक्शन से तिलक हॉल से होते हुए सुभाष जैन के घर तक एवं प्राचीन जॉए मंदिर के पास से जैन हॉस्पिटल होते हुए नवीन जैन मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य ।)	3 माह 13.40 लाख	5,000/- 10,500/-	04-12-2026
11	2026_UAD_546234_1	वार्ड क्र. 26 राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में सलाउद्दीन के घर से शेरू भाई मसाले वालों के घर तक हुसैन भाई के घर तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य ।	3 माह 10.68	2,000/- 10,000/-	04-12-2026
12	2025_UAD_466953_1	मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड नं 46 गांधी कॉलोनी में माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य ।	3 माह 10.17 लाख	5,000/- 10,000/-	20-11-2026
13	2026_UAD_522604_2	ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के पीछे गणपति मंदिर परिसर समीप आर.सी.सी. शेड निर्माण का कार्य ।	3 माह 19.13 लाख	5,000/- 15,000/-	20-11-2026
14	2026_UAD_528014_2	वार्ड क्र 20 सिंधीपुरा वार्ड में सोनार पट्टी कुमार वाडा में विठ्ठल मंदिर के पास आर. सी. सी. शेड एवं गेट निर्माण का कार्य।	3 माह 15.89 लाख	5,000/- 12,000/-	20-11-2026

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर

ट्रांसफार्मर के नीचे नहीं लगाएं पटाखा दुकान

भोपाल. दीपावली पर बिजली हादसों से बचने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 16 जिलों के उपभोक्ताओं और व्यापारियों से सावधानी बरतने की अपील की है. कंपनी ने पटाखा दुकानदारों को बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मरों के नीचे या उनसे सटाकर दुकानें नहीं लगाने की हिदायत दी है. बिजली लाइनों के आसपास पटाखे और आतिशबाजी नहीं करने को भी कहा है. कंपनी ने प्रकाश सज्जा के लिए स्वीकृत भार के अनुसार ही बिजली उपयोग करने और अतिरिक्त भार बढ़ाने से बचने की सलाह दी है. मिठाई, पटाखे और अन्य अस्थाई दुकानों के संचालक नियमानुसार अस्थाई बिजली कनेक्शन लें. कंपनी ने मैदानी अमले और सतर्कता विंग को जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं.

एक किलो चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

भोपाल. राजधानी का इंटर स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) मादक पदार्थों की तस्करी के लिए ट्रांजिट हब बनता जा रहा है. बुधवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और गोविंदपुरा पुलिस की टीम ने दिल्ली से हैदराबाद जा रही बस में तलाशी लेकर एक किलो से अधिक चरस जब्त की. इसकी कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई गई है. आरोपी की पहचान केरल निवासी 25 वर्षीय शिजान के रूप में हुई है. एनसीबी को सूचना मिली थी कि दिल्ली से आने वाली बस के जरिए चरस की खेप ले जाई जा रही है. इसके बाद टीम ने आईएसबीटी पर बस की जांच की. संदिग्ध यात्री के बैग की तलाशी लेने पर पैकेट में छिपाकर रखी गई चरस मिली.

HEG Advanced Materials — An LNJ Bhilwara Group Company

एचईजी एडवांस्ड मैटेरियल्स लिमिटेड

(पूर्व मे ज्ञात एचईजी लिमिटेड)

PROUD TO BE INDIAN PRIVILEGED TO BE GLOBAL

30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष हेतु अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(₹ करोड़ में, प्रति शेयर आय को छोड़कर)

क्र. सं.	विवरण	एकल						समेकित					
		30-09-2026	30-06-2026	30-09-2025	30-09-2026	30-09-2025	31-03-2026	30-09-2026	30-06-2026	30-09-2025	30-09-2026	30-09-2025	31-03-2026
		को समाप्त तिमाही			को समाप्त अर्द्ध वर्ष		को समाप्त वर्ष	को समाप्त तिमाही			को समाप्त अर्द्ध वर्ष		को समाप्त वर्ष
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1.	चालू संचालनों से कुल आय	50.01	37.24	111.30	87.25	135.79	178.88	546.59	324.18	226.31	870.77	423.45	1115.24
2.	चालू संचालनों से अवधि हेतु कर पश्चात् शुद्ध लाभ/(हानि)	36.47	16.12	67.46	52.60	78.88	96.64	208.89	60.19	69.18	269.07	167.45	383.75
3.	बंद संचालनों से अवधि हेतु कर पश्चात् शुद्ध लाभ(हानि)	96.79	95.66	120.63	192.45	182.58	134.78	97.18	95.15	124.12	192.33	182.59	138.16
4.	चालू संचालनों एवं बंद संचालनों से अवधि हेतु कर पश्चात् शुद्ध लाभ/(हानि)	133.26	111.78	188.09	245.05	261.46	231.42	306.07	155.34	193.30	461.40	350.04	521.91
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [(अवधि हेतु लाभ/ (हानि) (कर पश्चात्) एवं अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल कर के)]	133.23	111.85	188.09	245.10	260.45	229.18	305.82	155.19	191.93	461.00	348.35	519.12
6.	समता अंश पूँजी	65.96	38.60	38.60	65.96	38.60	38.60	65.96	38.60	38.60	65.96	38.60	38.60
7.	संचित (पुनः मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त)	2,040.56	4,903.25	4,699.68	2,040.56	4,699.68	4,791.39	2,439.45	5,128.44	5,213.35	5,128.44	5,213.35	4,969.44
8.	प्रति अंश आय (₹ 2/- प्रत्येक) (जारी एवं डिस्कंटीन्यूड प्रचालनों हेतु) (तिमाही/अर्द्ध वर्ष हेतु वार्षिकृत नहीं)												
	मूलभूतः (₹)	5.48	3.68	8.22	7.43	8.96	7.78	9.73	5.23	6.62	14.79	12.00	14.57
	तरलः (₹)	5.48	3.68	8.22	7.43	8.96	7.78	9.73	5.23	6.62	14.79	12.00	14.57

टिप्पणी:

1. उपरोक्त, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट (www.hegadvancedmaterials.com) पर उपलब्ध है।
2. अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों में निम्नलिखित के परिणाम सम्मिलित हैं: (i) एचईजी एडवांस्ड मटेरियल्स लिमिटेड ("होल्डिंग कंपनी"); (ii) पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियाँ–टीएसीसी लिमिटेड, एचईजी ग्रेफीन मटेरियल्स लिमिटेड (पूर्वतः भीलवाड़ा इन्फोटेक्नोलॉजी लिमिटेड), चांगो यांगथांग हाइड्रो पावर लिमिटेड, भीलवाड़ा एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, एनजेसी हाइड्रो पावर लिमिटेड, एलएनजे एनर्जी ट्रांजिशन लिमिटेड (पूर्वतः एलएनजे5 रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड), एलएनजे ट्रेडिंग एफजेडसीओ, दुबई; (iii) सहायक कंपनियाँ–मलाना पावर कंपनी लिमिटेड, रेप्लस एंगिटेक प्राइवेट लिमिटेड, इंडो कैनेडियन कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड; (iv) अधीनस्थ सहायक कंपनियाँ–एडी हाइड्रो पावर लिमिटेड, एलएनजे1 रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड, एलएनजे2 रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (पूर्वतः एलएनजे सनटेक प्राइवेट लिमिटेड), एलएनजे3 रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड और एलएनजे4 रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड।

कृते **एचईजी एडवांस्ड मैटेरियल्स लिमिटेड**
(पूर्व मे ज्ञात एचईजी लिमिटेड)
हस्ता/-
रिजु झुनझुनवाला
अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
डीआइएनः 00061060

स्थान : नोएडा (उ.प्र.)
दिनांक : 03 नवम्बर, 2026

CIN: L35100MP1972PLC008290

पंजीकृत कार्यालयः मंडीदीप (भोपाल के निकट) जिला रायसेन – 462 046, (म. प्र.), फोनः 07480–233524, 233525; फैक्सः 07480–233522
कॉर्पोरेट कार्यालयः भीलवाड़ा टॉवर्स, ए–12, सेक्टर–1, नोएडा–201301, (उ. प्र.), फोनः 0120–4390300; फैक्सः 0120–4277841
ई–मेलः heg.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाईटः www.hegadvancedmaterials.com